**श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा (नालंदा)**
(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना की एक अंगीभूत इकाई)

**S.U. College, Hilsa (Nalanda)**
(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

# M.A./M.SC. सेमेस्टर-1 (Session: 2026-2028): नामांकन सूचना

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा जारी **प्रथम मेधा सूची** के आधार पर जिन विद्यार्थियों का चयन एस. यू. कॉलेज, हिलसा (नालंदा) में **M.A./M.SC. सेमेस्टर-01 (Session: 2026-2028)** में नामांकन के लिए हुआ है, उन्हें यह सूचित किया जाता है कि इस महाविद्यालय में उनका नामांकन दिनांक **25.08.2026 से 30.08.2026 तक** ऑनलाइन मोड में निम्न प्रक्रिया के द्वारा होगा:

1. सर्वप्रथम छात्र-छात्राएं कॉलेज के अधिकारिक वेबसाइट https://sucollegehilsa.ac.in/ पर जाकर अपना विवरणी पूर्ण रूप से ऑनलाइन भरेंगे।
2. विवरणी पूर्ण रूप से भरने के बाद रिपोर्ट (नामांकन फॉर्म) प्रिंट आउट करके आवश्यक दस्तावेज के साथ दस्तावेज सत्यापन/मिलान **(Documents verification)** हेतु कॉलेज में अभ्यर्थी स्वयं आकर सम्बंधित विभाग में विभागाध्यक्ष/शिक्षक के समक्ष अपना दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे।
3. दस्तावेज सत्यापन **(Documents verification)** की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् सभी दस्तावेजों की एक प्रति कार्यालय में जमा करनी होगी। जिसके बाद कॉलेज द्वारा उस नामांकन को कॉलेज पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापित किया जायेगा, तब जाकर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए कॉलेज स्टूडेंट को लॉगइन करने के बाद नामांकन शुल्क पेमेंट करने के लिए लिंक मिलेगा। जिसमे निर्धारित नामांकन शुल्क भुगलान करना होगा।
4. नामांकन शुल्क भुगतान होने के बाद ही नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होगी। नामांकन शुल्क भुगतान नहीं होने कि स्थिति में उस छात्र का नामांकन, विश्वविद्यालय के पोर्टल पर Validation नहीं किया जायेगा और वे नामांकन से वंचित रह जायेंगे। जिसकी जिम्मेदारी सम्बंधित छात्र की ही होगी।
5. नामांकन शुल्क भुगतान होने के बाद नामांकन पेमेंट स्लिप एवं अन्य मूल दस्तावेज जमा करने हेतु तिथि बाद में जारी किया जायेगा।
6. नामांकन सम्बंधित सभी प्रक्रिया में स्वयं अभ्यर्थी को उपस्थित रहना अतिआवश्यक होगा। साथ ही वर्ष 2026 में स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को छोड़कर अन्य सभी छात्रों को मूल अंक प्रमाण पत्र एवं अन्य मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। बिना मूल दस्तावेज दिखाए नामांकन नहीं लिया जायेगा।

❖ **Documents verification के समय निम्नलिखित Documents लाना आवश्यक है:-**

1. Online admission form (College Portal)
2. Allotment letter (PPU)
3. Online registration/application form (PPU)
4. Graduate mark sheet/Certificate (Self attested photocopy & Original for verification)
5. Migration/CLC (Original)
6. 12th mark sheet/Certificate (Self attested photocopy & Original verification)
7. 10th mark sheet/Certificate (Self attested photocopy & Original verification)
8. Caste Certificate (Self attested photocopy)
9. AAPAR ID (Self attested photocopy)
10. Aadhar Card (Self attested photocopy)

25/08/26

Susinha
25/08/26

प्राचार्य
एस. यू. कॉलेज, हिलसा

श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा (नालंदा)
(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना की एक अंगीभूत इकाई)

S.U. College, Hilsa (Nalanda)
(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

# कार्यालय-आदेश

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा जारी **प्रथम मेधा सूची** के आधार पर जिन विद्यार्थियों का चयन एस. यू. कॉलेज, हिलसा (नालंदा) में **M.A./M.SC. सेमेस्टर-01 (Session: 2026-2028)** में नामांकन के लिए हुआ है, उन सभी छात्र-छात्राओं का दस्तावेज सत्यापन के लिए दिनांक **25.08.2026 से 30.08.2026** तक **(समय: 10:30AM TO 03:30PM)** निम्न विभाग में सत्यापन कार्य किया जायेगा:

| क्रं. सं. | विषय | स्थल/विभाग |
|---|---|---|
| 1. | रसायन विज्ञान | रसायन विभाग |
| 2. | गणित | गणित विभाग |
| 3. | अर्थशास्त्र | अर्थशास्त्र विभाग |
| 4. | भूगोल | भूगोल विभाग |
| 5. | हिंदी | हिंदी विभाग |
| 6. | राजनीति विज्ञान | राजनीति विज्ञान विभाग |
| 7. | मनोविज्ञान | मनोविज्ञान विभाग |

**दस्तावेज सत्यापन के सम्बन्ध में :-.....**

1. सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं से निर्धारित दस्तावेज की छायाप्रति के साथ मूल दस्तावेज की मांग करेंगे।
2. पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा जारी मेधा सूची (कार्यालय द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है।) एवं छात्र से प्राप्त Provisional Offer Letter एवं मूल अंकप्रमाण पत्र में अंक का मिलान करेंगे। (वर्ष-2026 में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण छात्रों का ओरिजिनल अंकप्रमाण पत्र की मांग नही करेंगे, उस स्थिति में उस छात्र का अंक का सत्यापन विश्वविद्यालय के वेबसाइट https://ppuponline.in/ से ऑनलाइन एग्जामिनेशन रिजल्ट सेक्शन में जाकर यूनिवर्सिटी रोल नंबर कि सहायता से रिजल्ट डाउनलोड कर अंक का मिलान करेंगे।) अंकों में भिन्नता पाये जाने कि स्थिति में नामांकन को रद्द करने कि अनुशंसा कार्यालय में देंगे। किसी भी परिस्थिति में किसी भी छात्रों का बिना ओरिजिनल अंक प्रमाण पत्र से अंक मिलाये बगैर नामांकन देने कि अनुशंसा नही करेंगे।
3. उसके बाद Caste Category का भी मिलान करेंगे। Caste Category में भिन्नता पाये जाने कि स्थिति में नामांकन को रद्द करने कि अनुशंसा कार्यालय में देंगे। किसी भी परिस्थिति में किसी भी छात्रों का बिना Caste Category मिलाये बगैर नामांकन देने कि अनुशंसा नही करेंगे।
4. सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सभी दस्तावेज कि एक प्रति संधारित कर लेंगे, उस संधारित प्रति पर अपना हस्ताक्षर बनाकर उस प्रति को प्रतिदिन संध्या में कार्यालय में जमा कर देंगे। ताकि उस सत्यापित दस्तावेज के माध्यम से कार्यालय द्वारा कॉलेज पोर्टल पर ऑनलाइन Verify किया जायेगा। ताकि छात्रों को नामांकन शुल्क पेमेंट का लिंक मिल सके एवं नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर सके।

Susinha
25/08/26

25/08/26
प्राचार्य